तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025



14 देवरी में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती





13 गौवंश संरक्षण के लिए शिवसेना के हस्ताक्षर ...






## खबर संक्षेप

### सब्जी पर छायी महंगाई, मेथी-खेखसी 200 रुपए किलो



**दल्लीराजहरा।** नगर में इन दिनों हरी सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम जनता की जेब पर भारी असर पड़ा है। इस महंगाई ने रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। दल्लीराजहरा में मंगलवार की शाम बाजार में सब्जी खरीदने वालों की भीड़ तो दिखी, लेकिन महंगे दामों ने ग्राहकों को हैरान कर दिया। लोग सब्जियों के भाव पूछकर आगे बढ़ते नजर आए और अंततः मजबूरी में सस्ती सब्जियों से ही काम चलाना पड़ा। सब्जियों के ताजा भाव इस प्रकार रहे मेथी भाजी, खेखसी 200 रुपए, प्याज भाजी, पालक, सेमी 100 रुपए किलो बिक रही है। सब्जी विक्रेता अजय सोनकर व पूजा पटेल ने बताया कि अभी लोकल बाड़ियों से फसल बाजार में नहीं पहुंची है। अधिकतर सब्जियां अन्य जिलों या प्रदेशों से आ रही हैं, जिससे परिवहन लागत जुड़कर दाम बढ़ गए हैं। विक्रेताओं को उम्मीद है कि आगामी दिनों में स्थानीय उत्पादन बाजार में आने पर कीमतों में राहत मिलेगी। फिलहाल महंगाई की यह मार गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को सबसे ज्यादा झेलनी पड़ रही है। सब्जियों की कीमतें फिलहाल आम उपभोक्ताओं को रुला रही हैं। जब तक स्थानीय पैदावार बाजार में नहीं आती, तब तक रसोई का बजट संभालना मुश्किल होता नजर आ रहा है।

### ओबीसी न्याय दिवस पर सम्मेलन सात अगस्त को

**जामगांव आर।** ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के बैनर तले जिला दुर्ग और ओबीसी संयोजन समिती बालोद के संयुक्त तत्वाधान में 07 अगस्त को परिक्षेत्रीय साहू भवन बेल्हारी में 11 बजे ओबीसी न्याय दिवस पर सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन का अध्यक्षता दुर्ग संभाग अध्यक्ष कीरत राम कुल्हारा करेंगे, अतिथि मंच पर जिलाध्यक्ष बालोद बल्दू राम साहू, आयोजक शत्रुघन लाल साहू, जिला प्रभारी दुर्ग अंकालू राम साहू, संगठन प्रचारक युवराज सिंह गंजीर, लक्ष्मण निषाद, नरेन्द्र धरमगुड़ी, हरीश यादव, महेश भौरे, परमानन्द साहू, आनंद राम यादव, सांवत राम साहू, चाणक्य यादव, लक्ष्मीचंद धनकर, चेतन लाल साहू, ताम्रध्वज साहू मंचासिन रहेंगे। उक्त जानकारी धमना पूर्व सरपंच दुर्ग जिला प्रभारी अंकालू राम साहू ने दिया।

### नशे के आदि बन रहे क्षेत्र के नाबालिग



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा शहर में गांजा, शराब और नशीली दवाओं का सेवन अब नाबालिगों में आम होता जा रहा है। नशे की पूर्ति के लिए वे चोरी, लूट और जबरदस्ती जैसे अपराधों में संलिप्त हो रहे हैं। बाइक, मोबाइल, स्टाइलिश कपड़े और सोशल मीडिया की दुनिया में दिखावे की चाहत उन्हें अपराध के दलदल में धकेल रही है। दल्लीराजहरा के गली-मोहल्लों में खुलेआम बिकता नशा उपलब्ध होना एक बड़ा कारण है। नशाखोरी में केवल नाबालिग ही नहीं, बल्कि 18 से 21 वर्ष के नवयुवक भी अपराध की राह पर चलने में पीछे नहीं हैं। ये युवा अपने झुंड बनाकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है और अवैध शराब, जुआ सट्टा पर कड़ी कार्रवाई की गई है, आगे भी इस तरह की कार्रवाई चलते रहेगी।

# नन प्रीति व वंदना को मिली जमानत, दल्ली के पुष्पा अस्पताल में ठहराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मानव तस्करी और जबरन मतांतरण जैसे गंभीर आरोपों में गिरफ्तार की गईं नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस को एनआईए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने दोनों को 50 हजार रुपये के मुचलके पर सशर्त जमानत प्रदान की है। फिलहाल उन्हें बालोद जिले के दल्लीराजहरा स्थित पुष्पा अस्पताल में ठहराया गया है। जानकारी के अनुसार वे 8 अगस्त तक यहीं रहेंगी और उसी दिन बिलासपुर हाईकोर्ट में हस्ताक्षर हेतु पेश होंगी। जेल से रिहा होने के बाद शनिवार देर शाम दोनों नन पुष्पा अस्पताल के वाहन से दल्लीराजहरा पहुंचीं, जहां उनके स्वागत में ईसाई समाज के लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया।

## दल्ली आगमन पर ईसाई समुदाय ने किया स्वागत



### युवती का दावा, ननों के खिलाफ जबरन बयान देने किया मजबूर

हालांकि, इस पूरे मामले में एक बड़ा मोड़ तब आया जब एक युवती ने बयान में दावा किया कि उसे ननों के खिलाफ जबरन बयान देने के लिए मजबूर किया गया। इससे केस की सच्चाई पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। ईसाई समाज के वरिष्ठ सदस्यों और धार्मिक संगठनों ने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है और इसे न्याय की दिशा में पहला कदम बताया है। समाज में इस निर्णय को लेकर गहरा संतोष और उम्मीद की किरण देखी जा रही है। अब सभी की निगाहें 8 अगस्त को होने वाली अगली न्यायिक कार्यवाही पर टिकी हैं, जहां नन प्रीति और वंदना हाईकोर्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस संवेदनशील प्रकरण में जहां एक ओर गंभीर आरोपों की जांच चल रही है, वहीं दूसरी ओर न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को ईसाई समाज में विश्वास की पुनः स्थापना के रूप में देखा जा रहा है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आगामी दिनों में न्याय किस दिशा में आगे बढ़ता है।

रविवार की सुबह उन्होंने स्थानीय चर्च में प्रार्थना की और फिर पूरे दिन आवास परिसर में ही शांतिपूर्वक रहीं। हालांकि, नन प्रीति और वंदना किसी प्रकार की सार्वजनिक बातचीत से दूर हैं, लेकिन सूत्रों के अनुसार, वे मानसिक रूप से संयमित और आत्मविश्वास से भरपूर हैं। स्थानीय पुलिस उनकी गतिविधियों पर निगरानी बनाए हुए है, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं है।

इस मामले में उनके साथ गिरफ्तार किए गए पास्टर सुखमन मंडावी को भी कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है। तीनों पर आरोप है कि उन्होंने नारायणपुर की तीन आदिवासी युवतियों का जबरन मतांतरण करवाने की कोशिश की और मानव तस्करी में संलिप्त रहे।

## बैठक : उपमुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

# समयावधि में योजनाओं का हो क्रियान्वयन अधिकारी-कर्मचारी निष्ठा से करें कार्य : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने सयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए बालोद जिले को प्रत्येक–दृष्टि से उत्कृष्ट, अग्रणी एवं आदर्श जिला बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। शर्मा ने कहा कि प्रत्येक शासकीय सेवक को शासकीय सेवा में चयनित होने के पश्चात जनसेवा करने का भी पुनीत अवसर प्राप्त होता है। इसलिए हम सभी शासन–प्रशासन से जुड़े लोगों को कड़ी मेहनत एवं लगन से आम जनता के हित में निरंतर कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने गन्ना की खेती एवं उसके उपयोग को किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा उनके जीवन स्तर में बदलाव का प्रमुख माध्यम बताते हुए इस बार गन्ने फसल की बुवाई को वृद्धि कर तीन हजार हेक्टेयर तक अनिवार्य रूप से करने कहा, इसके लिए शक्कर कारखाना करकाभाट के प्रबंध निदेशक एवं कृषि विभाग के उपसंचालक को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने इसके लिए क्षेत्र के किसानों से बातचीत कर गन्ना उत्पादन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।





### जनजागरुकता अभियान चलाने पर बल

बैठक में सभी विभाग प्रमुखों के द्वारा पावर प्वाईंट प्रेंजेटेशन के माध्यम से अपने–अपने विभागों के कार्यों की प्रगति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी लंबित राजस्व प्रकरणों को समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मे सेना भर्ती एवं अग्निवीर भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए इस योजना के अंतर्गत अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा जल जीवन मिशन के कार्य को करते वक्त क्षतिग्रस्त हुए सीसी रोड आदि का शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। ▶▶| शेष पेज 13 पर

बैठक में शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में कुपोषण दूर करने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। शर्मा ने कुपोषित बच्चों को गोद लेकर कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए इन बच्चो के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु गोद लेने वाले व्यक्तियों से सहयोग राशि एकत्र करने का भी सुझाव दिया।

**मादक पदार्थों के अवैध बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित के निर्देश दिए :** इस कार्य में उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं अन्य लोगों से मदद लेने के निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने जिले में जुआ, सट्टा पर रोक लगाने तथा शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा मादक पदार्थों के अवैध बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु दवा विक्रताओं एवं कुरियर संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इनके द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री करते पाए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मादक ▶▶| शेष पेज 13 पर

# पीएम आवास निर्माण में रुचि नहीं दिखाने वाले हितग्राही होंगे अपात्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन हितग्राहियों पर गाज गिर सकती है, जो योजना में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे सभी आवेदनों को जल्द निरस्त किया जा सकता है, जिनमें स्वीकृति के बावजूद निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं किए है या फिर हितग्राहियों ने योजना के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई है।

छत्तीसगढ़ शासन की ओर से स्पष्ट संकेत हैं कि जो हितग्राही योजना के प्रति गंभीर हैं और जिनका निर्माण कार्य प्रगति पर है या पूर्ण हो चुका है, उन्हें अगली किश्तों का लाभ नियमित रूप से दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, लंबे समय से योजना में कोई रुचि नहीं दिखाने वालों के आवेदन निरस्त कर अन्य पात्र हितग्राहियों को मौका दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे लाभार्थियों की पहचान कर सूची बनाएं और शासन को प्रेषित करें।

यह कदम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और आवासहीनों को समय पर लाभ दिलाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मंडले ने हितग्राहियों से अपील की है कि जिन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, वे समय रहते निर्माण कार्य प्रारंभ करें, अन्यथा उनका आवेदन रद्द होने की पूरी संभावना है। सरकार अब सिर्फ गंभीर और पात्र हितग्राहियों को ही प्राथमिकता दे रही है।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं जनसमस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सिंगारपुर निवासी दिव्यांग मुकेश कुमार ने बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम धनगांव निवासी लगनी बाई एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सुर्रा निवासी केदार राम ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बरबसपुर निवासी ताराचंद साहू ने कैंसर के इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए सरकार



**दल्लीराजहरा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न केवल हमारे पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर पड़ता है। कोसमा ने जनता से अपील की कि वे सामाजिक समारोह, त्योहारों और दैनिक जीवन में प्लास्टिक की बजाय बर्तनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि हम जिम्मेदारी के साथ पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाएं। कोसमा ने प्रशासन से भी अपील की कि इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाया जाए और नियमों को सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।

# महतारी वंदन योजना की 18वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले की महिलाओं के चेहरों पर खुशी की चमक देखी जा सकती है, क्यों कि उनके बैंक खाते में ''महतारी वंदन योजना'' की 18वीं किस्त की राशि जमा हो चुकी है।

इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को प्रति माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के संचालन से बालोद जिले की लगभग ढाई लाख महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का एक नया आधार मिला है। मुख्यमंत्री साय की मंशा के अनुरूप हाल ही में, महतारी वंदन योजना की 18वीं किस्त की राशि पात्र महिलाओं के खातों में जमा की गई है। इस राशि के आने से न केवल उनकी छोटी–मोटी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। बालोद जिले के ग्राम अरौद की महिलाएं इस योजना को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का एक जीवंत उदाहरण मान रही हैं।

ग्राम अरौद की लाभार्थी टोमिन बाई सेवता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, महतारी वंदन योजना की राशि से मैं अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए किताबें और घर की छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा कर पा रही हूँ। यह राशि हमारे लिए बहुत बड़ा सहारा है। योजना से प्रतिमाह लाभान्वित हो रही यामिनी कोठारी ने बताया कि इस माह महतारी वंदन योजना की 18वीं किस्त की राशि उसके खाते में आ चुकी है। उसने बताया कि इस योजना की राशि हर महीने की शुरुआत में आते ही चेहरे पर मुस्कान के साथ ही एक आत्मविश्वास भी आ जाती है। उसने इस योजना को अपनी जिंदगी में एक बड़ा बदलाव बताते हुए कहा कि पहले छोटी–छोटी जरूरत के लिए हमें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब यह 01 हजार रुपये हमें आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रहा है, इससे हम अपने परिवार के लिए कुछ नया करने का सोच पा रहे हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।

## पेट्रोल पंप में कलेक्टर के आदेश का नहीं दिखाई दे रहा पालन

# बगैर हेलमेट बाइक चालकों को दिया जा रहा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



सड़क सुरक्षा और जनजीवन की रक्षा के लिए कलेक्टर दिव्या मिश्रा द्वारा पारित आदेश पूरी तरह मज़ाक बनकर रह गया है। आदेश में स्पष्ट निर्देश था कि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है।

दल्लीराजहरा के पेट्रोल पंप खुलेआम कलेक्टर के आदेश की धज्जिया उड़ाई जा रही हैं। बिना किसी भय या जिम्मेदारी के पेट्रोल पंप संचालक नियमों को ताक पर रखकर बिना हेलमेट वालों को धड़ल्ले से पेट्रोल दे रहे हैं, यहां न कानून का डर, न जनहित की चिंता। प्रशासन की गंभीरता केवल बैठकों और आदेशों तक सीमित है। मौके पर जाकर जांच, निरीक्षण, दंड कुछ भी नहीं हो रहा।

दल्लीराजहरा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हेलमेट न पहनने की वजह से हुई मौतों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया यह ठोस कदम प्रशासन की निष्क्रियता और पेट्रोल पंपों की मनमानी के चलते फेल हो गया है।

### नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी

सभी पेट्रोल पंपों के अलावा संबंधित विभाग और अनुविभागीय दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि दुर्घटना को देखते हुए बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा, अगर कोई उल्लंघन कर रहा है उस पर शासन के नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **दिव्या मिश्रा,** कलेक्टर, बालोद जिला




**खबर संक्षेप**

## मीडिया एसोसिएशन के विजय मित्तल दोबारा बने बालोद जिला अध्यक्ष



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन ने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला ब्यूरो चीफ विजय जैन मित्तल को एक बार फिर बालोद जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त कर उनके योगदान को सम्मानित किया है। यह निर्णय संगठन के प्रदेश संरक्षक टीएस कंवर एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे के मार्गदर्शन में लिया गया। देर रात जारी आदेश में 14 जिलों के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें जशपुर से हरि जायसवाल, बलरामपुर–अखिलेश साहू, कोरिया–एम.डी. अजेमुदीन अंसारी, शक्ति–अमिर चंद्र अग्रवाल, कोंडागांव–सिद्धार्थ महाजन, राजनांदगांव–उमेश कोठले, कांकेर–तपन बोस, बेमेतरा–हिमाचल शर्मा, कोरबा–अभिषेक तिवारी, बलौदाबाजार–थानेश्वर साहू, बस्तर–सुमित बाजपेयी, धमतरी–मोतीराम पटेल, कबीरधाम–लोकेश नाग शामिल हैं।

## मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंजगिरी मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर गीता ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत जंजगिरी, पंच कमलेश ठाकुर. किशोर देशमुख पंच. ओझा,तारक, राकेश बंजारे, सांसद मनोज गोलू चंद्राकर,सूरज हिरवानी. शैलेन्द्र हिरवानी, टिकेश देशमुख एवं गाव के ग्रामीण जन उपस्थित रहे। गांव का विकास सबका विकास होगा, भाजपा सरकार का सभी योजना का लाभ हर ग्रामीण जन को लाभ मिलेगा।

## महाविद्यालय में ऑनलाइन की प्रक्रिया 8 अगस्त तक

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में 2025–26 हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के द्वारा ऑनलाइन की प्रक्रिया पुनः 1 अगस्त से 8 अगस्त तक की गई है। महाविद्यालय में संचालित विषय बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगा विषय संचालित है जो छात्र–छात्राएं ऑनलाइन नहीं कर पाए हैं, वह अपना ऑनलाइन की प्रक्रिया पूर्ण कर कर सकते है, अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय से संपर्क करें।

## अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में होगा रोजगार मेले का आयोजन

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के उप संचालक ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि रोजगार पंजीयन को अब आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य है। जिसके अंतर्गत वर्ष 2024 के पूर्व पंजीयनधारी आवेदक अपने रोजगार पंजीयन में आधार को लिंक कराने 'छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प' अथवा वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर स्वयं या किसी भी ऑनलाईन सुविधा केन्द्र से रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करा सकते हैं। जिससे पंजीयनधारी अगस्त माह में होने वाले रोजगार मेले में शामिल हो सकेंगे।

**कार्यक्रम**

### एक दिवसीय विराट रुद्राभिषेक का किया गया आयोजन

# नौ परिवार के सदस्यों के पैर पखार गंगाजल पिलाकर कराई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महर्षि मुक्ताश्रम ग्राम हथौद में धर्मजागरण समन्वय छत्तीसगढ़ जिला बालोद और मुक्ताश्रम लोक सेवा न्यास द्वारा विगत रविवार को विराट रुद्राभिषेक का एक दिवसीय आयोजन किया गया।

आयोजन का प्रारंभ ग्राम मुजगहन के नहर चौक स्थित शिव मंदिर से पूजार्चना कर सनातनी शिव भक्तों द्वारा करीब 125 मोटर साइकिल और 10 कारों के काफिले साथ करहीभदर के गलियों का भ्रमण करते कन्नेवाडा बस स्टैंड होते हुए, मतांतरण चिन्हित ग्राम हथौद के गलियों से होकर मुक्ताश्रम पहुंची। जहां पुरोहित गणों द्वारा शिव भक्तों को संकल्प कराया गया, जिसके पश्चात मृदापूजन के साथ वेदी पूजन, नवग्रह पूजन, षोडशोपचार पूजन के साथ प्रारंभ हुई। इस दौरान संगीत साधकों द्वारा शिव भजनो की सुमधुर प्रस्तुति दी। संपूर्ण अभिषेक के बाद शिव महिमा पर वेदांत प्रवक्ता पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा शिव महिमा पुराणों और राम चरित मानस आधारित सनातनधर्म के विज्ञान सम्मत होने और उसके अगाध महिमा का वर्णन के







सतदुनिया सभी धर्मों की उत्पत्ति सनातन धर्म से होने की जानकारी के साथ मतांतरण न करने की अपील के साथ संगीतमय प्रवचन की प्रस्तुति दी।

तत्पश्चात भगवान महाकाल की सामूहिक आरती के साथ विराट घर वापसी के तहत डौंडी ब्लॉक 9 परिवार को पैर पखार कर गंगाजल पान करा रामचरित मानस, राम नामी अंग वस्त्र, श्रीमद्भगवद् गीता भेंट कर अतिथियों द्वारा आरती उतरकर सनातन धर्म के जयकारे के साथ घर वापसी कराई। मतांतरण से घर वापस आए परिजनों की आंखे आपने परिजनों द्वारा दिये गए सम्मान से छलक उठी। रुद्राभिषेक महोत्सव सह सनातन धर्म जागरण समन्वय कार्यक्रम को विश्राम दिया गया और शोभा यात्र के साथ तालाब में विसर्जन कर सभी भक्त जानों महाप्रसादि ग्रहण किया।

इस आयोजन में बालोद सहित दल्ली, पाटन, गुण्डरदेही, धमतरी के सनातन धमएँ शिव भक्तों निभाग लिए। इस अवसर पर पुरोहित पुष्कर पांडे शास्त्री, मनहरण शर्मा, अभिषेक शर्मा, पौराणिक मिश्र रहे। आयोजन में आरएसएस, धर्म जागरण समन्वय छत्तीसगढ़ जिला बालोद, मुक्ताश्रम के पदाधिकारियों ने सेवा दी। उक्तशय की जानकारी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा प्रदान किया गया।

# नकली सीमेंट विक्रेता की पत्नी के खिलाफ भी हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



■ जिला पंचायत सदस्य गुलशन ने पुलिस से की शिकायत

जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने नकली सीमेंट मामले में आरोपी की पत्नी पर भी कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत की है।

गुलशन चंद्राकर ने पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल से शिकायत करते हुए कहा कि जब कर्मचारी दीपेश देवांगन पर कार्रवाई हुई, तो आरोपी की पत्नी तो ऑफिस व फैक्टरी संभालती है, उस पर भी कार्रवाई करें। इस मामले में कई लोग जुड़े हो सकते हैं। पुलिस उस पर गंभीरता पूर्वक जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई करें, क्योंकि इस घटना को लेकर जनाक्रोश हैं। गौरतलब हो कि इस ट्रेड्स में रोज लाखों रूपए के लेनदेन ईंट, लोहे, छड़ की बिक्री होती थी, जो कि कई सवाल खड़े कर रहे हैं। विदित हो कि गुण्डरदेही के मोहंदी पाठ के गब्दी में संचालित धाक एंड धाक में नकली सीमेंट के मिलावटी सीमेंट मामले में अल्ट्राटेक कंपनी की शिकायत पर, पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने मिलकर जारी 584 बेग नकली सीमेंट और फिर दूसरे बार 1900 बैग सीमेंट जब्त कार्रवाई कर मामले की जांच में जुटी है। वहीं के कर्मचारी दीपेश देवांगन भी जेल में है, अल्ट्राटेक कंपनी की शिकायत पर विजय चंद्रधर के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63, 65 और बीएस की धारा 318, 4 के तहत अपराध दर्ज कर जुडिशनल पर जेल भेज दिया गया है।

जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 के गुलशन चंद्राकर ने कहा कि ग्राम मोहदी पाठ में धाक के द्वारा गांव गांव में पोस्टर लगाकर कम दामों में नकली सीमेंट बेचकर जमकर चांदी काटकर लोगों के सपनों पर पानी फेर दिया, कम दाम के लालच में फंस कर आशियाना बनाकर दहशत में है कई लोग, मटेरियल के एडवांस की राशि को लेकर रोज वैभव ट्रेड्स मोहंदी पाठ में चक्कर काट रहे हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यक्ष बनीं हिमांशी सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सरस्वती शिशु मंदिर पुरूर में किशोर भारती संगठन छात्र संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष हिमांशी सिन्हा, सेनापति पीयूष बने। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में किशोर भारती संगठन छात्र संघ का चुनाव कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर हिमांशी सिन्हा कक्षा द्वादश गणित, सचिव खुशी पटेल एकादश जीव विज्ञान, कोषाध्यक्ष कुबेर सिन्हा द्वादश गणित, खोया पाया प्रमुख दिशांत साहू नवम, क्रीड़ा प्रमुख–कन्नूर गोस्वामी एकादश गणित, स्वच्छता प्रमुख–वंशिका सोनी अष्टम निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद हेतु गौरव साहू कक्षा एकादश जीव विज्ञान संकाय एवं चिकित्सा प्रमुख हेतु दीप्ति ओटी कक्षा द्वादश जीव विज्ञान संकाय निर्विरोध चुने गए। पांच पदों को प्राचार्य द्वारा मनोनीत किया गया। जिसमें सेनापति पीयूष सिन्हा कक्षा द्वादश अनुशासन प्रमुख तुशांत साहू कक्षा द्वादश, सांस्कृतिक प्रमुख प्राची साहू कक्षा दशम साहू, प्रार्थना प्रमुख गोयल साहू कक्षा दशम, प्रार्थना सहायक लावण्या यादव कक्षा षष्ठम किया गया स संगठन के निर्वाचित तथा मनोनीत पदाधिकारी को संस्था के प्राचार्य वेद प्रकाश कटेंद्र द्वारा बैच लगाकर स्वागत तथा सम्मान किया गया। प्राचार्य द्वारा अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान तथा विद्यालय द्वारा निर्मित नियमों तथा कर्तव्यों का पालन करने का शपथ ग्रहण कराया गया। निर्वाचन प्रभारी योगेश्वर साहू, सह प्रभारी आशा नेताम तथा आचार्य अगेश्वर हिरवानी, खिलेश्वर साहू, नीमा साहू, संतोषी नागवंशी, खुमेश्वरी साहू, चित्रलेखा पटेल, मंजू साहू का सहयोग रहा।

# पोषण बने विश्व हिन्दू परिषद बालोद के जिला मंत्री

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने जिलेवार अलग-अलग सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल संगठन में नए लोगों को नवीन जिम्मेदारी दी गई है। प्रांतीय संगठन पदाधिकारियों की सहमति से प्रांत मंत्री विहिप छत्तीसगढ़ विभूति भूषण पांडेय ने बिलासपुर प्रांत बैठक में दायित्व की घोषणा की। विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला मंत्री के दायित्व पर किसना देवरी निवासी पोषण बनपेला को नियुक्त किया गया।

वहीं जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी को व जिला सह मंत्री उमेश सेन सहित बालोद जिला बजरंग दल जिला संयोजक का दायित्व प्रदीप मिनपाल, जिला सह संयोजक बजरंग दल शिवम दुबे डौंडी को संगठन में जिम्मेदारी दी गई है। जिला मंत्री बनाए गए पोषण बनपेला बालोद जिला के डौंडीलोहारा ब्लाक के किसना ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके हैं। वहीं डौंडीलोहारा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। जिला के पांचों ब्लाक डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, गुरूर, बालोद ग्रामीण, डौंडी में संगठन तैयार किया गया है।

धर्मांतरण, गौ तस्करी व लव जिहाद जैसे बड़े विषयों को लेकर विहिप लगातार जिले में अभियान चला रहा है, विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला के द्वारा जिले के अंदर लगातार धर्मांतरण, मतांतरण, अवैध प्रार्थना सभाओं को लेकर जन आंदोलन किए जा रहे हैं। वहीं हिंदुत्व को मजबूती मिले इसलिए छोटे छोटे बच्चों को धार्मिक शिक्षा मिले इसके लिए जिला केंद्र बालोद शहर में जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन के नेतृत्व में बच्चों को सप्ताह में एक दिन संस्कार शाला भी चलाया जा रहा है।

जिलाअध्यक्ष बलराम गुप्ता ने संगठन विस्तार को लेकर कहा हैं कि प्रांत बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत संघ द्वारा संगठन के शताब्दी वर्ष में बालोद जिला में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, वहीं हिंदू धर्म समाज को जोड़ने घर घर संपर्क भी करेंगे, हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बालोद बलराम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, नीलेश श्रीवास्तव जिला मातृशक्ति संगठन संयोजिका सत्या साहू, योगिता साहू, मोनू सोनवानी, शंकर साहू, प्रेम शुक्ला, जितेंद्र सहाड़ा, देवेंद्र साहू, कैलाश साहू, जानकी यादव, उषा साहू ने इन नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त किया।

# समाज को दिशा देने वाली पहल, हर वर्ष आई कार्ड, टाई, बेल्ट का निःशुल्क वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई (कि) के प्रधान पाठक निर्मल दुबे प्रत्येक वर्ष कक्षा पहली में आने वाले समस्त नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क टाई, बेल्ट व आई कार्ड प्रदान करते हैं, प्रधान पाठक ने बताया कि वे अपनी स्व. माता श्रीमती जयंती दुबे की स्मृति में प्रत्येक वर्ष बेल्ट ,टाई व आई कार्ड प्रदान करेंगे। बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है, इससे पहले भी शाला प्रबंधन समिति,ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो के सहयोग से शाला के भौतिक संसाधनों के विकास में बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। शिक्षक बालक और पालक तीनों के सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास और शाला विकास संभव है। रानीतराई (कि) में शिक्षक बालक और पालक तीनों के बेहतर तालमेल से शाला का संचालन किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप शाला में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

प्रधान पाठक निर्मल दुबे द्वारा शाला के विकास में हर संभव सहयोग किया जाता है।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम कनेरी व धनोरा का किया आकस्मिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद ने गुरूर विकासखंड के ग्राम कनेरी तथा धनोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कनेरी में अमृत सरोवर कंकालिन तालाब, इंटरलांकिग सड़क निर्माण, पौधारोपण तथा सामुदायिक शौचालय, कचरा संग्रहण केन्द्र, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिडिल स्कूल, आवास हितग्राही वासुदेव, पूरन लाल, नीरा बाई के आवास का निरीक्षण किया गया।

उन्होने इस दौरान आवास कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये एवं ग्राम धनोरा में आंगनबाड़ी केन्द्र क्र.01, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र क्र.03 का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र 03 का उद्घाटन कर संचालित करने के निर्देश दिये गये एवं आवास हितग्राही चन्द्रशेखर, तिलक राम के आवास का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर उमेश रात्रे, अनुविभागीय अधिकारी. ग्रा.या.सेवा आर. एन. मारकण्डेय, अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके. बांगड़े, सिरमौर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, योगेश देवागंन, संबधित उपअभियंता, तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थिति थे।



# नगर में शुरू हुई हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

**दल्लीराजहरा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद क्षेत्र में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार और नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के मार्गदर्शन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वार्डेकर के आदेश पर 2 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस भव्य अभियान की शुरुआत तिरंगा रैली के माध्यम से की गई।

रैली में राष्ट्रीय ध्वज की शान और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में आम नागरिक, निकाय अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, पीआईयू प्रभारी विक्रांत कुमार साहू तथा समर्पित स्वच्छता दीदियां सम्मिलित हुईं।

यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा, प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त। नगर पालिका ने रैली से अभियान की शुरुआत की। हर घर पर लहराए तिरंगा, हर दिल में जगे देशप्रेम के उद्देश्य से यह अभियान का शुभारंभ किया गया।

# देवरी में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गोस्वामी तुलसीदास जयंती का बृहद आयोजन 9 ग्राम के मानस मंडली देवरी(ख), अर्जुनी, चीचा, खप्पर वाडा, भरदा, सकरौद, तमोरा, डगनिया, नाहंदा, के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम देवरी (ख) में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम बालक दास जी महाराज त्यागी कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम ,अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठा के प्रांत अध्यक्ष जगदीश देशमुख ,विशेष स्थिति के रूप में जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, भाजपा मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू , जनपद सदस्य गुलशन हिरवानी, ग्राम सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख, मंडल कार्यकारणी सदस्य पुखराज निर्मलकर, प्रमोद देशमुख , तामेश्वर साहू,कवि दिनेश्वर चंद्राकर ,मणि निषाद हेमंत साहू, हिंछा राम ठाकुर,कौशल्या दूत केशव राम साहू, शहिद दुर्वासा लाल निषाद के पिता मुनीराम निषाद, मानस मर्मज्ञ त्रेता चंद्राकर, लीलार सिन्हा, बलराम साहू, पूर्व सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, शिव कुमार गायकवाड, उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री राम बालक दास जी महाराज त्यागी ने बताया कि कौशल्या मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है, केवल शिखर बनना शेष है, 2026 में मां कौशल्या अपने पुत्र राम को बाल रूप में गोदी में लेकर विराजमान होगी। भगवान राम का मंदिर तो सभी जगह पर है लेकिन उसे जन्म देने वाली मां का अद्वितीय मंदिर पाटेश्वर में होगा। अध्यक्षता कर रहे जगदीश देशमुख ने कहा कि माता कौशल्या का मंदिर छत्तीसगढ़ वासियों के लिए गौरव की अनुभूति है, जो पूर्ण परमात्मा श्री राम एवं तुलसीदास जी के आराध्य के प्रति अनन्य समर्पण सम्मान का भाव प्रदर्शित करेगा। आयोजन में संयोजक के रूप में भेलसिंह साहू, ईश्वर चंद्राकर,चाणक्य साहू, प्रवीण सोनकर, विनय साहू, ठाकुर राम सेन, अयोध्या चंद्राकर, तेजराम साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति के रूप में प्रमोद देशमुख, नीलेश्वर द्विवेदी ,यशवंत साहू, प्रभु लाल निषाद ,सुनील साहू त्रिलोचन यादव, पीलेश्वर विश्वकर्मा, पूनम साहू, भूषण बंजारे, तामेश्वर साहू, भूपेंद्र निषाद, पूर्णिमा साहू ,सोमेश्वरी, पुष्पा मिश्रा आदि की भूमिका रही, छोटी बच्चियों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। ग्रामवासी श्रद्धा भाव से आयोजन में जुटे रहे। सफल संचलन कवि गजपति राम साहू ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

